संख्या-1065/71-1-2015/क-148/20

प्रेषक,

अरिन्दम भट्टाचार्य,
विशेष सचिव।
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उ0प्र0 लखनऊ।

EC-1/MD

3086
18/6/15

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1 लखनऊ : दिनांक04 जून, 2015

विषयः राजकीय मेडिकल कालेज, कानपुर में न्यूरोलॉजी यूनिट को मेडिसिन विभाग से एवं न्यूरो सर्जरी यूनिट को सर्जरी विभाग से पृथक कर क्रमशः न्यूरोलॉजी विभाग तथा न्यूरो सर्जरी विभाग की स्थापना के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्याःएम0ई0-1/क/2015/1326 दिनांक 19.05.2015 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि श्री राज्यपाल एतद् द्वारा राजकीय मेडिकल कालेज, कानपुर में संचालित न्यूरोलॉजी यूनिट (सामान्य मेडिसिन विभाग के अन्तर्गत संचालित) एवं न्यूरो सर्जरी यूनिट (सामान्य सर्जरी विभाग के अन्तर्गत संचालित) को उच्चीकृत करते हुए क्रमशः न्यूरोलॉजी विभाग एवं न्यूरो सर्जरी विभाग की स्थापना की सहर्ष अनुमति निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन प्रदान करते हैः-

3410
AD(MS)/CAO
05-6-15

1. (क) वर्तमान में सामान्य मेडिसिन विभाग के अन्तर्गत संचालित न्यूरोलॉजी यूनिट में कार्यरत निम्नलिखित चिकित्सा शिक्षकों को पद सहित नयें विभाग-न्यूरोलॉजी विभाग में स्थानान्तरित किया जाता है। स्थानान्तरित शिक्षक का मूल सामान्य मेडिसिन विभाग से कोई सम्बन्ध नही रहेगाः-

क्र0सं0	नाम	पदनाम
1	डा0 आलोक वर्मा, डी0एम0 न्यूरोलॉजी	सहायक आचार्य

डा0 नवनीत कुमार, डी0एम0 न्यूरोलॉजी, प्रधानाचार्य, राजकीय मेडिकल कालेज, कानपुर द्वारा न्यूरोलॉजी विभाग में आचार्य न्यूरोलॉजी का कार्य भी देखा जायेगा।

09/6/15

D/Pandey/June/G.O.

(ख) वर्तमान में सामान्य सर्जरी विभाग के अन्तर्गत संचालित न्यूरो– सर्जरी यूनिट में कार्यरत निम्नलिखित चिकित्सा शिक्षकों को पद सहित नयें विभाग–न्यूरो सर्जरी विभाग में स्थानान्तरित किया जाता है। स्थानान्तरित शिक्षक का मूल सामान्य सर्जरी विभाग से कोई सम्बन्ध नही रहेगा:–

क्र0सं0	नाम	पदनाम
1	डा0 राघवेन्द्र गुप्ता, एम0सी0एच0 न्यूरो सर्जरी	सहायक आचार्य
2	डा0 मनीष सिंह, डी0एन0बी0 न्यूरो सर्जरी	प्रवक्ता
3	गजेन्द्र सिंह, एम0सी0एच0	प्रवक्ता

2. भविष्य में इन विभागों हेतु चिकित्सा शिक्षकों के पद न्यूरोलॉजी विभाग एवं न्यूरो सर्जरी विभाग के लिए विशेष रूप से सृजित किये जायेगें तथा पदनाम तदनुसार ही सृजित किए जायेगें। मानकानुसार विभागों में अतिरिक्त पद सृजित करने/संविदा पर नियुक्ति की कार्यवाही हेतु महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण द्वारा आवश्यक प्रस्ताव पृथक से उपलब्ध कराया जाय।

3. उक्त विभागों के विभागाध्यक्षों का निर्धारण, अवस्थापना सुविधाओं, नर्सो, उपकरण एवं अन्य सम्बन्धित प्रशासकीय व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने की कार्यवाही प्रधानाचार्य द्वारा एम0सी0आई0 के मानकों के अनुरूप की जायेगी।

कृपया तदनुसार अग्रेतर कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(अरिन्दम भट्टाचार्य)
विशेष सचिव।

संख्या– /71–1–15–तददिनांक

प्रतिलिपि प्रधानाचार्य, राजकीय मेडिकल कालेज, कानपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

आज्ञा से

(शैलेन्द्र नाथ शुक्ल)
उप सचिव।

कार्यालय महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, जवाहर भवन छठां तल लखनऊ।

संख्या–एम0ई0–1/क/2015/1559 दिनांक 10 जून, 2015

उपरोक्त की प्रतिलिपि प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज, कानपुर को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

भवदीय,

(वी0एन0 त्रिपाठी)
महानिदेशक।